कृष्ण कन्हैया मेरा दिल ले गया

कृष्ण कन्हैया मेरा दिल ले गया,
बदले में मीठी मीठी यादें दे गया....

मेरे कन्हैया की यही है निशानी,
सूरत सलोनी सखी चाल मस्तानी,
जाते जाते गीता का संदेस दे गया,
कृष्ण कन्हैया मेरा दिल ले गया,
बदले में मीठी मीठी यादें दे गया....

आजा मनमोहन तुझको पुकारू,
तन-मन-धन मैं तेरे उत्तो वारूँ,
छैल-छबीला मुझपे जादू कर गया,
कृष्ण कन्हैया मेरा दिल ले गया,
बदले में मीठी मीठी यादें दे गया....

गले से लगा लूं अपना बना लूं,
जाने न दूँ तुझे बाहों में थाम लूं,
कैसे दिल जानी यह दीवाना कर गया,
कृष्ण कन्हैया मेरा दिल ले गया,
बदले में मीठी मीठी यादें दे गया....

अभी नाहीं जाओ मुझे न रुलाओ,
दासी हूँ तुम्हारी प्यारे चरणों से लगाओ,
मिलने का सखी वादा कर गया,
कृष्ण कन्हैया मेरा दिल ले गया,
बदले में मीठी मीठीयादें दे गया....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28439/title/krishan-kanhayia-mera-dil-le-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |